हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री


11 चिलचिलाती धूप, गर्मी व शारीरिक अक्षमता भी नहीं रोक पाई ...





12 सांसद चुनने शहर से लेकर गांव तक दिखा उत्साह




लोस चुनाव-2024 : जिले में शांतिपूर्ण हुआ मतदान, कांग्रेस-भाजपा में सीधी टक्कर

# महासमुंद-कांकेर लोकसभा क्षेत्र के 26 प्रत्याशियों की किस्मत हुई ईव्हीएम में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में शांतिपूर्ण मतदान के साथ महासमुंद एवं कांकेर लोकसभा के 26 प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद हो गई है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमार चौधरी तथा कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के बीच कड़ा मुकाबला है, वहीं कांकेर लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर तथा भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के बीच टक्कर है। इसके अलावा महासमुंद लोकसभा से 7 क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी तथा 8 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में है। वहीं कांकेर लोकसभा से भाजपा-कांग्रेस के अलावा 7 क्षेत्रीय राजनैतिक दल के प्रत्याशी चुनाव में उतरे हैं।

लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने जिले के मतदाताओं में भरपूर उत्साह रहा। शहर सहित गांवों के अनके बूथों में लोग सुबह 6 बजे से मतदान के लिए पहुंच गए थे। मतदान शुरु होने से पहले मतदाताओं की लंबी लंबी कतार लग गई थी। जिले में रिकार्ड 80 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की संभावना है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण में जिले की तीनों विधानसभा में सुबह 7 बजे मतदान शुरु हुआ। सुबह 9 बजे तक सिहावा विधानसभा में 13.50 प्रतिशत, धमतरी विस में 11 प्रतिशत तथा कुरूद विस में 10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया । 11 बजे की रिपोर्ट में सिहावा 36.32, कुरूद 31.33 तथा धमतरी में 32.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 1 बजे तक सिहावा में 61.82, कुरूद में 50.86 तथा धमतरी में 48.60 फीसदी मतदान हो गया था। दोपहर के बाद मतदान की गति धीमी हुई। 3 बजे की रिपोर्ट में सिहावा में 70.75, कुरूद में 63.08, धमतरी में 62.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 5 बजे तक सिहावा में 74.52, कुरूद में 74.40 तथा धमतरी में 70.16 फीसदी मतदान हुआ।





### विवाह मंडप से वर-वधु पहुंचे वोट देने

चुनाव के समय में शुभ मुहूर्त रहने से जमकर शादियां हो रही हैं। ऐसे में लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने दूल्हा-दुल्हन ने भी विवाह मंडप से अपने बूथ पहुंचकर मतदान किया और लोगों को वोट देने की प्रेरणा दी। कुरूद संजय नगर निवासी दो वर ने अपने बूथ में पहुंचकर मतदान किया। एक ओर जहां दूल्हा ने बारात निकलने से पूर्व अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं दूसरी ओर दुल्हन हल्दी रस्म से पहले अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान किया। नगर पंचायत आमदी में एक दिन पूर्व नये दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले वर वधु ने भी लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी वोट रूपी आहुति दी।

### मतदाता सूची से कटा नाम, बुजुर्ग दंपति मतदान से वंचित



कांकेर लोकसभा के नगर पंचायत मगरलोड के बूथ क्रमांक 63 में बुजुर्ग दंपति को मताधिकार से वंचित होना पड़ा। वार्ड क्रमांक 13 में निवासरत केजूराम सिन्हा 88 वर्ष तथा उनकी पत्नी कुंतीबाई सिन्हा 78 वर्ष को मतदान करने के लिए तीन बूथ का चक्कर काटना पड़ा। फिर भी वे मतदान से वंचित हो गए। बुजुर्ग दंपति का कहना है कि मतदाता सूची में उनका नाम कट जाने के कारण उसे मतदान से वंचित होना पड़ा है। निराश दंपति ने मतदाता सूची में नाम डिलीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर मतदान क्रमांक 63 के बीएलओ ने अपनी सफाई में कहा है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष 2024 अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2024 की स्थिति में दावा आपत्ति निराकरण पश्चात मतदाता सूची 8 फरवरी 2024 को प्रकाशित की गई तथा बीएलओ, वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नए मतदाता तथा पूर्व के मतदाताओं का नाम जोड़ने, विलोपन तथा संशोधन का आवेदन प्राप्त किया गया। इसी क्रम में मतदाता केजूराम सिन्हा तथा कुंतीबाई सिन्हा का नाम परमानेंट शिफ्टिंग के आधार पर विलोपन संबंधी आवेदन ईआरओ नेट पोर्टल में प्राप्त होने पर बीएलओ भाग संख्या 63 द्वारा भौतिक सत्यापन कराकर मतदाता केजूराम एवं कुंतीबाई भाग संख्या 63 में निवासरत नहीं होने पर परमानेंट शिफ्टिंग के आधार पर 13 फरवरी को नाम विलोपित किया गया है।

### चेतन ने सपत्निक किया मतदान



धमतरी। बूथ क्रमांक 170 में चेतन हिन्दूजा ने सपत्निक पहुंचकर लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया।

## अप्रैल के बाद अब जुलाई में विवाह का मुहूर्त

- शुक्र के अस्त होने के कारण 29 अप्रैल से 30 जून तक शुभ कार्यों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



खरमास की समाप्ति के बाद 13 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विवाह का शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 30 जून तक विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। शुक्र अस्त होने की वजह से 2 माह तक शुभ कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। पं. सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि 13 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने की वजह से खरमास का समापन हो गया। अब 28 अप्रैल तक शुभ कार्य, अनुष्ठान किए जा सकते हैं। 28 अप्रैल के बाद शादी विवाह का कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं है। 29 अप्रैल से 30 जून तक शुक्र अस्त रहेंगे। इस दरम्यान हिन्दू धर्म में कोई भी अनुष्ठान नहीं किए जा सकते। जुलाई में शुभ कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। विवाह के लिए 9, 11, 12, 13, 14 एवं 15 जुलाई को शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 17 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएंगे। इसके बाद नवंबर में शुभ मुहूर्त है। 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28, 29 नवंबर तथा 4, 5, 9, 10 और 14 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। इस तरह साल 2024 में 73 वैवाहिक मुहूर्त है।

### अक्षय तृतीया पर शादी का मुहूर्त नहीं

अक्षय तृतीया को शादी के लिए अबूझ मुहूर्त माना जाता है लेकिन इस बार शुक्र अस्त हो जाने के कारण शादी का कोई मुहूर्त नहीं है। 29 अप्रैल को शुक्र सूर्य के नजदीक आ जाएगा। सूर्य के नजदीक जो भी ग्रह आता है, उसे अस्त माना जाता है। शुक्र 29 अप्रैल से 30 जून तक अस्त रहेगा, जो पूरे 61 दिनों का होता है। अक्षय तृतीया 10 मई को है। इस दिन शादी का मुहूर्त नहीं है।

### 61 वर्षीय शाहिदा बेगम ने किया मतदान



धमतरी। दाजी मराठी स्कूल मतदान केंद्र में अपने भाई और बहू के साथ ई-रिक्शा से पहुंची पोस्ट ऑफिस वार्ड निवासी शाहिदा बेगम उम्र 61 वर्ष ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## कोर्रा के सहकारी बैंक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कोर्रा स्थित जिला सहकारी बैंक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बैंक में रखे कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेज जल गए।

- कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेज जले

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक की शाखा ग्राम कोर्रा में संचालित है। शुक्रवार की दोपहर लोगों ने बैंक की बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा। बैंक के सामने लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। शाखा प्रबंधक द्वारा भीतर रखे दस्तावेजों को हटाया गया तब तक आग ने कम्प्यूटर सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण व पासबुक को चपेट में ले लिया था। सूचना पर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस आग में सीपीयू, मॉनिटर, प्रिंटर व पासबुक खाक हो गया।





शाखा प्रबंधक ने मीडिया को बताया कि शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लगने से विद्युत मीटर पूरी तरह से जल गया है। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण व दस्तावेज जल गया है। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया है।

## ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुजगहन मार्ग से गुजर रहे स्कूटी सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

- मुजगहन ओवहरब्रिज के पास हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम पारागांव निवासी राजेश देवांगन उम्र 45 वर्ष अपने रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में आया था। युवक शुक्रवार की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एच 5983 में सवार होकर मुजगहन मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 27 एच 8650 ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक का बायां पैर पूरी तरह फ्रेक्चर हो गया। युवक के दूसरे पैर व शरीर की अन्य जगह पर चोट आई है।



सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस व संजीवनी 108 घटनास्थल पहुंच गई। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे संजीवनी 108 से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायल युवक को इलाज के लिए अन्य अस्पताल ले गए। अर्जुनी पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

नालियों एवं कचरों के ढेर से प्रतिदिन निकल रहा है प्लास्टिक

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध फिर भी गुपचुप तरीके से शहर में हो रहा हर माह 5 करोड़ का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केन्द्र सरकार ने 100 माइक्रोन से कम मोटाई के सिंगल यूज प्लास्टिक से बने तमाम उपयोगी सामान पर सन 2014 से बैन लगा दिया है। इस निर्देश के बाद जिला एवं निगम प्रशासन ने भी कार्रवाई कर प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। मगर प्रतिबंध के बाद भी जिले में गुपचुप तरीके से हर माह 5 करोड़ से अधिक की राशि का व्यापार हो रहा है। नालियों एवं कचरों के ढेर से प्रतिदिन प्लास्टिक निकल रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारी संस्था तक नहीं होनी चाहिए बल्कि आम नागरिक का कर्तव्य है कि वे प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करे। शहर के जागरूक नागरिक दीपक सार्वा, नितिन शर्मा, राजा साहू आदि का कहना है कि शहर के हर नागरिक चाहे वह उपभोक्ता हो या व्यापारी प्लास्टिक को पूर्णरूपेण प्रतिबंध लगाने के लिए आगे आना होगा। खुद भी पॉलीथिन के इस्तेमाल से बचे और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करे। यदि कोई ऐसा करते पाया जाता है तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



गौरतलब है कि 40 माइक्रोमीटर या उससे कम स्तर के प्लास्टिक को सिंगल यूज प्लास्टिक में शामिल किया गया है जिसके उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इसका निस्तारण नहीं होने से यह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

### व्यापारियों ने बताया, मांग ज्यादा है

प्लास्टिक से जुड़े व्यापारियों ने बताया कि शहर में प्लास्टिक की दर्जन भर दुकानें हैं जहां से हर माह 5 करोड़ से अधिक का व्यापार पूरे जिले में होता है। लोगों की मांग के हिसाब से पॉलीथिन प्लास्टिक उत्पाद रखना ही पड़ता है। भले ही इसे गुपचुप तरीके से बेचा जाता है लेकिन इसकी मांग सबसे ज्यादा है।

### चुनाव के बाद होगी कार्रवाई : उपायुक्त

निगम आयुक्त विनय पोयाम ने बताया कि निगम क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ निगम टीम ने कई बार कार्रवाई की है। लाखों के प्लास्टिक पकड़ाए हैं जिस पर कार्रवाई हुई है। चुनाव के बाद निगम प्रशासन पॉलीथिन के खिलाफ फिर कार्रवाई करेगा।


## मतदान की झलकियां...

### लोकतंत्र के महायज्ञ में आहुति देने पहुंचे प्रीतेश



धमतरी। सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र में प्रारंभिक वोट डालते हुए मतदान का श्रीगणेश किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मताधिकार का प्रयोग नहीं बल्कि मां भारती की अस्मिता के रक्षा के साथ-साथ भारत के धर्म, भारत के अध्यात्म, भारत की संस्कृति को विश्व पटल पर पुनःस्थापित कर पुनर्जागरण हेतु किए जा रहे प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी महायज्ञ में आहुति डालना है। श्री गांधी ने आगे कहा कि लोकतंत्र में मतदान को पर्व के रूप में मनाते हुए उत्सव की संज्ञा देना और आम जनता तक पहुंचते हुए उन्हें अपने कर्तव्य का बोध कराने वाले प्रथम व्यक्तित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिसके कारण अब भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचितापूर्ण राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करने में आम जनता जागरुक हो चुकी है जिसका सकारात्मक परिणाम देश के साथ ही जनता को प्राप्त हो रहा है।

### कविंद्र ने किया सपरिवार मतदान



धमतरी। वयोवृद्ध भाजपा नेता गजराज जैन, श्रीमती भीखी बाई जैन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कविंद्र जैन एवं श्रीमती मनविता जैन ने सपरिवार अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया।

### कन्हैया लाल ने परिवार संग डाला वोट



धमतरी। राष्ट्रहित में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बल देते हुए पहले मतदान फिर जलपान की कहावत को चरितार्थ करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 9 अंतर्गत धमतरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 163 शासकीय प्राथमिक उर्दू कन्या शाला साई मंदिर के सामने के मतदान केंद्र में कन्हैयालाल साहू एवं उनके परिवार के सदस्य श्रीमती किरणप्रभा साहू, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती टेमिन, श्रीमती मंजू साहू, श्रीमती दुर्गा साहू एवं योगेंद्र कुमार साहू ने मतदान किया।

### रशिया से वोट देने पहुंची सिमरन



धमतरी। सिमरन वाही पिता बसंत वाही रशिया से वोट देने धमतरी पहुंची। उन्होंने परिवार समेत मतदान केंद्र पहुंचकर अपना वोट डाला। सिमरन पेशे से एक डॉक्टर है। सिमरन ने बताया कि देश के विकास के लिए मैंने अपना वोट दिया। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी प्रदान की।

### दूल्हा मनीष ने बारात जाने के पूर्व किया मतदान



धमतरी। ग्राम रूद्री आनंदपारा निवासी दूल्हा मनीष साहू ने शुक्रवार को बारात जाने से पूर्व मतदान किया। उनके इस कार्य की सरपंच अनीता यादव, उपसरपंच प्रीतम साहू, पंच गोपाल साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष केशवराम साहू, ग्रामीण घनश्याम यादव, योगेन्द्र साहू, राकेश मौर्य, उदित साहू ने सराहना की। मतदान केन्द्र में मनीष दूल्हा के वेश में आया था और मतदान करके सेल्फी भी ली।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

खबर संक्षेप



### ब्लॉक कांग्रेस भखारा अध्यक्ष ने डाला वोट

**अंवरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने बूथ क्रमांक 120 में मतदान किया।

### पहली बार मतदान कर प्राची बेहद खुश

महासमुंद। पहली बार मतदान करने 18 प्लस आयु वर्ग के क्लब पारा निवासी युवा मतदाता प्राची मिश्रा बेहद खुश नजर आई। प्राची मिश्रा ने उत्साह के साथ मतदान किया। आदर्श मतदान केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाणिज्य भवन में वे सुबह से मतदान करने पहुंची। प्राची ने कहा कि प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, कूलर, पानी की अच्छी व्यवस्था की गई है।



सांकरा के मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह, कहा : पहले मतदान फिर जलपान

# सात फेरा लेने से पहले दूल्हा ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा






दूसरे चरण की तीन सीट महासमुंद, राजनांदगांव और कांकेर लोकसभा सीट पर मतदान हुआ। सिहावा विधानसभा से 75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए काफी उत्साह नजर आया। मतदान केंद्रों में सुबह से मतदाता पहुंच चुके थे। लोकतंत्र के महापर्व में लोगों में मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला।

सांकरा के कन्या माध्यमिक शाला में आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 174 में सपरिवार वोट डालने पहुंचे सुध्दु साहू के घर में शादी कार्यक्रम चल रहा है। इसके बावजूद उन्होंने एक जागरूक नागरिक होने का फर्ज निभाया। उन्होंने वोट डालकर संदेश दिया है कि पहले मतदान करें फिर कन्यादान। इसी तरह ग्राम सांकरा के टिकरापारा निवासी मिथिलेश पटेल का विवाह ग्राम कुलिया (कनेरी) जिला बालोद के महेश पटेल की पुत्री के साथ हो रहा है। सात फेरा लेने से पहले मिथिलेश पटेल ने प्राथमिक शाला छिंदपारा के स्कूल में जाकर अपना मतदान किया तत्पश्चात बारात लेकर बालोद जिला रवाना हुआ।

इसी तरह 6:30 बजे से लंबी कतार में लगी महिलाओं ने कहा कि पहले हम मतदान करेंगे फिर जाकर खाना बनाएंगे। उसके बाद भोजन करेंगे। शासकीय बालक शाला स्कूलपारा, शासकीय माध्यमिक शाला शक्तिपारा, प्राथमिक शाला कोडमुरपारा के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों को मतदान केन्द्र बनाया गया था। मतदान केंद्रों में पुलिस प्रशासन पहुंचकर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश को बता रहे थे। सुबह 6:30 बजे से मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई थी। सांकरा में कड़ी सुरक्षा के साथ मतदान हुआ।

इस अवसर पर शंकर साहू, हुकुम साहू, कल्याण साहू, अजीत साहू, टीकम साहू, रघुनंदन साहू, पुखराज साहू, अडेन्द्र साहू, ललित साहू, रामसाय साहू, रामकुमार साहू, कमलाबाई साहू, ईश्वरी साहू, कौशिल्या साहू, दीपिका साहू, सुनीता साहू, विमला साहू के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया।

# मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान में धमतरी जिले के मतदाताओं ने मतदान केंद में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। लोकतंत्र के महापर्व पर नगरी अंचल के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान केंद्र 126 राजपुर में दुल्हन डिगेश्वरी पिता नरेंद्र प्रजापति ने अपना मतदान किया वहीं चित्ररेखा साहू मुसुरपुटा, भाजपा कार्यकर्ता कमलेश साहू ने मतदान किया।

# बारात जाने से पहले दूल्हे राजा ने डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव




अंचल में 26 अप्रैल को शादी की धूम रही तो तो दूसरी ओर लोकसभा चुनाव का मतदान भी हुआ। दूसरे चरण के महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के ग्राम चटौद के मतदान केंद्र में दूल्हा राजा दुर्गेश साहू पिता हरखराम साहू ने दूल्हे के गेटअप में अपने मताअधिकार का उपयोग करने मतदान केंद्र पहुंचा और वोट डालकर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया।

## मतदान के बाद बारात रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को हुआ। धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सिलौटी के रहने वाले भूपेंद्र सेन का इस दिन बारात कार्यक्रम था। वैवाहिक जीवन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने से पहले उसने अपना मतदान कर जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिकता का परिचय दिया। मतदान करने के बाद बारात गरियाबंद के लिए रवाना हुई।

# पहले मतदान फिर शादी दूल्हे ने निभाई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को हुआ। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुरुद विधानसभा के ग्राम भोथली निवासी नीरज देवांगन ने बारात निकलने से पहले मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया और अपने मत की उपयोगिता को जनता के समक्ष रखा। नीरज देवांगन शुक्रवार को मतदान के बाद धमतरी बारात लेकर निकले। इससे पूर्व उन्होंने पहले वोटिंग फिर वेडिंग का संदेश देते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# पहले वोटिंग फिर वेडिंग का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान हुआ। इसी कड़ी में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुरुद विधानसभा के कोसमर्रा निवासी किशन साहू ने बारात निकलने से पहले मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। किशन साहू शुक्रवार को बलियारा बारात लेकर निकले। इससे पूर्व उन्होंने पहले वोटिंग फिर वेडिंग का संदेश देते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# शादी की रस्म के बीच किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को हुआ।धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत फरसियां निवासी लक्की साहू बारात जाने के पूर्व अपने परिवार वालों के संग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। शादी की रस्म के बीच मतदान केंद्र फरसियां जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही स्वीप सेल्फी जोन में सेल्फी ली। फिर बारात के लिए रवाना हुआ।



# नाली का गंदा पानी सड़क पर हुआ जाम, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम दहदहा से मेंडरका जाने वाले मार्ग में दहदहा निवासी डॉ. देवराज चंद्राकर के घर के सामने नाली का गंदा पानी पूरी तरह से जाम हो गया है। सड़क पर नाली का गंदा पानी भर गया है। अब तो स्थिति यह है कि गंदा पानी देवराज चंद्राकर के घर में घुसने लगा है। घुटनों तक पानी भर जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बांध से पानी छोड़े जाने के बाद से तालाबों और नाले में पानी भर चुका है। निकासी नहीं होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। आवागमन में परेशानी के साथ ही गंदा पानी बीमारियों को भी आमंत्रण भी दे रहा है। ग्रामीण पदुम निर्मलकर, मिथिलेश यादव, कार्तिक साहू, परदेशी यादव, रमेश चंद्राकर ने बताया कि सड़क पर नाली का गंदा पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देवराज चंद्राकर ने बताया कि नाली के पानी की निकासी के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# जिले के कराते खिलाड़ियों ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)



इंटरस्टेट टोंग एल मू डू नेशनल चैम्पियनशिप पाइकमाल ओडिशा में हुई जिसमें धमतरी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गजानंद सिन्हा ने गोल्ड मेडल, निरंजन साहू बगदेही ने गोल्ड मेडल एवं जगन्नाथ साहू ने ब्रांस मेडल प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में 17 जिले के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक बरसासिंह बरिहा, विशिष्ट अतिथि सीएल साहू, डीजेंद्र कुर्रे थे। अध्यक्षता फेडरेशन के कोषाध्यक्ष किरण ने की। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ सचिव उपेंद्र प्रधान, कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू, प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा थे। धमतरी जिले से योगेश साहू बगदेही भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को आने वाली नेशनल चैम्पियनशिप के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर किया वोट



महासमुंद । जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के वोटरों का इस बार विशेष रूझान दिखाई दिया। पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने आगे बढ़कर वोट दिया। बागबाहरा के कमार युवा मतदाता सुरेश कमार, सुवल कमार, नागेंद्र कमार ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बताया कि वे शुक्रवार की सुबह से मतदान देने के लिए तैयार हो गए है, क्योंकि उन्हें सुबह से ही खेत और अपने काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है। लेकिन, आज के इस चुनई तिहार में वे अपना कर्तव्य और जिम्मेदारी समझते हुए अपने मत का प्रयोग किया है। बागबाहरा सिर्री पठारीमुंडा के कमार जनजाति द्वारा मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। मतदाता बिसनी बाई कमार, फूल बाई कमार, मानसिंह कमार, रातिबाई कमार, ललिता कमार, अजय सिंह कमार, सोमनाथ कमार, झूरू जैसे कमार जनजाति के कई महिला, पुरूष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान मानसिंह ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। इनकी भागीदारिता जिले के अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करता है। ज्ञात है कि जिले के 75 ग्रामों में कुल 895 कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। जिनकी जनसंख्या 3240 है।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
26 अप्रैल 2024 शुक्रवार

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### कार को ठोकने के बाद गाली-गलौज

**रायपुर।** पंडरी थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ उनकी कार का एक्सीडेंट करने के बाद गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोधीपारा निवासी कृष्ण शर्मा ने कार सीजी 04 एचके 0592 के चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कृष्ण ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा स्थित राम मनोहर लोहिया मार्ग पर जब वो अपनी कार से जा रहे थे। इसी दौरान उस नंबर के कार चालक ने उनकी कार को पीछे से ठोक दिया।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो अन्य लड़कों के खिलाफ शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी उमेश निषाद ने बलराम यादव तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि बलराम तथा उसके साथी धनेश साहू ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसके साथ बगैर किसी कारण गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी पुष्पेंद्र पटेल ने अभय मिर्चे के खिलाफ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला करने कि शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि रास्ते में जाते समय अभय ने उसके साथ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाई है।

### मजदूरी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाना में मजदूरी विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरौदा निवासी सुरेश विश्वकर्मा ने कृष्णकांत शर्मा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि वह कृष्णकांत के पास मजदूरी का पैसा मांगने के लिए गया था। इस बात से नाराज होकर कृष्णकांत तथा उसके साथियों ने सुरेश के साथ मारपीट की। कृष्णकांत ने सुरेश तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### चरित्रशंका पर पत्नी के साथ मारपीट

**रायपुर।** राखी थाना में एक महिला ने अपने पति तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राखी निवासी 35 वर्षीय महिला ने अपने पति लीलाधर लिलहरे तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है, इसके कारण लीलाधर तथा उसके एक अन्य साथी ने महिला के साथ मारपीट की।

### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।





विधायक चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं के साथ तो दूल्हों ने बारातियों संग किया मतदान

# चिलचिलाती धूप, गर्मी व शारीरिक अक्षमता भी नहीं रोक पाई मतदान से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

महासमुंद संसदीय क्षेत्र की कुरुद विधानसभा में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से कतार लगनी शुरू हो गई थी। चिलचिलाती धूप भी मतदाताओं के कदम नहीं रोक सकी। कई केंद्रों पर समाजसेवी संस्थाओं ने मतदाताओं को पेयजल उपलब्ध कराया। बुजुर्ग और दिव्यांगों को युवाओं ने वोट डलवाए।

केंद्र में सरकार बनाने दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव हुआ। इस क्षेत्र की 1 लाख 5 हजार 934 महिला तथा 1 लाख 5 हजार 669 पुरुष सहित कुल 2 लाख 11 हजार 605 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला किया। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने 237 मतदान केंद्र बनाए थे जहां शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। कुरुद में सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। जोरातराई, सौराबंधा, जुगदेही, कोर्रा, कन्हारपुरी, नवागांव, चर्रा, मोंगरा, भुसरेंगा, चोरभट्ठी, बगदेही, पचपेड़ी, भखारा आदि बूथों में लाइन में लगकर लोगों ने वोट डाले। दिन चढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने लगी, लेकिन मतदाताओं के कदम नहीं रुके। दोपहर में भी लोग मतदान करने पहुंचते रहे। दोपहर एक से तीन बजे तक मतदान कुछ धीमा रहा, लेकिन उसके बाद फिर से कतारें लगीं। बूथ क्रमांक 114 भुसरेंगा में एक समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया। समाचार लिखे जाने तक अंतिम मतदान प्रतिशत प्राप्त नहीं हुआ था। एसडीएम दीनदयाल मंडावी ने संभावना जताई कि यहां मतदान 76 से 80 प्रतिशत हो सकता है।

### चंद्राकर ने अपनी पत्नी व कार्यकर्ताओं संग वोट डाला

क्षेत्र के विधायक व भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर अपनी पत्नी प्रतिभा चन्द्राकर सहित कार्यकर्ताओं के साथ मतदान केन्द्रों क्र. 175 शासकीय कन्या हायर स्कूल में वोट डाला। वोट डालकर निकले श्री चंद्राकर ने मीडिया से कहा कि मोदी की गारंटी पूरे देश में काम कर रही है। लोग देश में फिर से मजबूत सरकार बनाने बढ़ -चढ़कर वोट कर रहे हैं। वे बस्तर, कांकेर, महासमुंद व राजनांदगांव सीट भारी बहुमत से जीत रहे हैं और छग में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर रहे हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरुद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। प्रेस प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उन्होंने भी अपनी जीत का दावा करते हुए बताया कि इस बार मतदाताओं ने जुमलेबाज पार्टी को सबक सिखाने कांग्रेस के न्याय घोषणा पत्र से प्रभावित होकर मतदान किया है। लिहाजा महासमुंद से उनकी जीत पक्की है।

## दुल्हन लाने से पहले दूल्हा ने डाला वोट





संजय नगर कुरुद में दूल्हा बने अंगद चंद्राकर व डेमन चंद्राकर तो वहीं जोरातराई (सी) में मोनेन्द्र साहू ने दुल्हन लाने से पहले पोलिंग बूथ पहुंचकर घरातियों व बारातियों संग मतदान किया। इसी तरह मौरीखुर्द की तुलसी व चित्राणी दो सगी बहनों ने शादी के बाद मतदान किया और अपने मायके से विदा हुई। इसी तरह और भी बहुत से सुंदर तस्वीरें देखने को मिली कोई हल्दी के रंग में रंगे तो कोई मौर-मुकुट व सेहरा बांधकर वोट डालने पोलिंग बूथों तक पहुंचे थे।

## बीमार मतदाताओं को बूथ अध्यक्षों ने पहुंचाया



अनेक पोलिंग बूथों में अलग-अलग नजारा भी देखने को मिला। कोई घर में शादी है कहकर पहले वोट डाला। तो कहीं कांग्रेस- भाजपा के समर्थक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने आखिरी वक्त तक रिझाने की कोशिश में थे। एक पोलिंग बूथ में तो भाजपा-कांग्रेस दोनों दल के बूथ अध्यक्षों ने एक बीमार मतदाता को उनके घर से निकाल उन्हें व्हीलचेयर में बिठा उन्हें एक साथ पोलिंग बूथ पहुंचा रहे थे। साथ ही दोनों अपने-अपने पक्ष में वोट डालने की बात कर रहे थे। लेकिन वह शारीरिक बीमार जरूर था, मानसिक नहीं। उन्होंने अपनी पसंद के ही प्रत्याशी को वोट किया और दोनों बूथ अध्यक्ष निराश हो गए।

## पर्यावरण, पशुओं के प्रति जागरुकता फैलाने की जरुरत : टीआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक था। अतिथि टीआर वर्मा पशु चिकित्सक, धनंजय देवांगन कार्यपालन अभियंता, एनएस निर्मलकर अभियंता एवं बीके सरिता दीदी संचालिका थी। इस अवसर पर टीआर साहू ने कहा कि पर्यावरण, पशुओं के प्रति जागरूकता फैलाने की जरुरत है। धनंजय ने कहा कि प्लास्टिक उत्पादन में उपयोग होने वाले रसायन धरती व पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। बीके सरिता ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यौगिक गृह वाटिका का निर्माण कर मूल्यनिष्ठ समाज व सुखदायी पर्यावरण का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन बीके प्राजक्ता ने किया। धरती की पुकार पर सुन्दर नाटिका प्रस्तुत की गई। बीके जागृति ने प्रतिज्ञा और नारे लगवाए।

## शादी का मंडप छोड़ वोट देने पहुंचीं दो दुल्हन



**भानुप्रतापपुर** के अंदरूनी ग्राम चवेला में आज मताधिकार के महत्व को दो बहनों ने समझकर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंच गईं। दोनों बहनें हेमलता यादव और युगलकिशोरी ने हल्दी लगी हुई साड़ी पहनकर वोट डालने पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि पहले वोट करेंगे, उसके बाद शादी की रस्में निभाएंगे। इस तरह मतदान के प्रति जागरूकता का वातावरण पिछड़े हुए इलाकों में देखने को मिल रहा है।

# इतवारी बाजार परिसर में लावारिस कुत्तों का आतंक, राहगीर परेशान

## 25 से 30 के झुंड में आम आदमी को दौड़ाते हैं, कई लोग हो चुके हैं शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के इतवारी बाजार परिसर में इन दिनों लावारिश कुत्तों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। मांस, मछली, मटन, चिकन के टुकड़ों के लालच में शहरभर के कुत्ते यहां दिन रात डेरा डाले रहते हैं। इसके झुंड बनाकर बैठने की वजह से आम राहगीर परेशान है। कच्चा मांस खाकर राहगीरों को दौड़ाते हैं। बाइक, साइकिल सवार यात्री इस मार्ग से जाना पसंद नहीं कर रहे हैं। रात होते ही कुत्ते और आक्रामक हो जाते हैं। वाहन सवारों को काटने दौड़ाते हैं। बाइक सवारों को भौंकते हुए तेजी से सामने आकर डराते हैं।

सब्जी व्यवसायी आनंद पटेल, बसंती पटेल ने बताया कि कच्चा मांस खाकर कुत्ते बौरा जाते हैं। पैदल यात्री, बाइक सवार व आमजनता इनकी हरकतों से परेशान हैं। शाम 6 बजे के बाद लोगों को दौड़ाना प्रारंभ कर देते हैं जो देर तक चलता है। प्रत्यक्षदर्शी मयंक सोनकर ने बताया कि गुरुवार की रात दो स्कूटी सवार महिलाओं को बीच रास्ते में घेर लिया। 25 से 30 की संख्या में कुत्ते इकट्ठा होकर उनके कपड़े फाड़ने लगे थे। आसपास रहने वाले युवकों ने डंडे से कुत्तों को खदेड़ा। गनीमत है कि कुत्तों ने महिलाओं को काटा नहीं। उन्होंने बताया कि वे यहां के व्यवसायी हैं। ऐसी घटना यहां रोज होती है। कुछ बाइक सवार तो इनके भौंकने से ही हड़बाड़ाकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते है। यहां के व्यवसायियों ने जिला प्रशासन व निगम से लावारिश कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की है।

## दिव्यांगता को पछाड़कर किया मतदान



**कांकेर** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेवरती के पोलिंग बूथ में 23 वर्षीय युवा दिव्यांग अनिल कुमार कुंजाम मतदान करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एक पैर से वह पूरी तरह से निःशक्त हैं, लेकिन इसके बावजूद वे वोट करने आज मतदान केन्द्र पहुंचे हैं। उन्होने बताया कि वोट देने का अधिकार उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए उनकी दिव्यांगता आड़े नहीं आई।

## हाथों में मेहंदी रचाकर वोट देने पहुंचीं रूपाली



**अंतागढ़** के उपरपारा मतदान केंद्र क्रमांक 188 में आज ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला, जहां खुद की शादी से व्यस्ततम समय निकालकर युवती वोट देने पहुंची थी। रूपाली साहू पिता सदाराम साहू उम्र 26 वर्ष ने मेहंदी लगे हाथ से ईवीएम का बटन दबाया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा - आज ही शाम को बारात आने वाली है, लेकिन वोट करना उससे कहीं ज्यादा जरूरी है। जब कम पढ़े लिखे लोग इसके महत्व को समझते हैं तो शिक्षित लोगों को तो और भी ज्यादा जागरूक होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मतदान में ही लोकतंत्र की असली खूबसूरती छिपी हुई है।

# गरीब परिवार की आर्थिक मदद की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

समीपस्थ ग्राम पोटियाडीह में पटेल समाज के एक परिवार में कन्या विवाह का कार्यकम चल रहा था। विधवा मां अपनी बिटिया की शादी बड़ी मुश्किल से कर रही थी। इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान यादव को हुई। उन्होंने कन्या पक्ष को बड़ी आलमारी, एक ड्रेसिंग तथा नकद 3000 रूपये की आर्थिक मदद की। इस दौरान जीआर बंजारे, गगन कुंभकार, कोमल संभाकर, विकास साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

अरूण सुजुकी

अरूण सुजुकी को आकर्षक वेतन में निम्न पदों की आवश्यकता है

| क्र. | विभाग | पद |
|---|---|---|
| 1. | सेल्स मैनेजर | 2 |
| 2. | सर्विस इंचार्ज | 1 |
| 3. | हेल्पर | 2 |
| 4. | मैकेनिक | 5 |
| 5. | टेली कॉलिंग | 2 |

अरूण सुजुकी बठेना नहर के पास धमतरी (छ.ग.)

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मना

**धमतरी।** इस वर्ष भी इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह गलियों की साफ-सफाई कर जगह-जगह रंगोली बनाकर व पूरी कॉलोनी में धर्मध्वजा व तोरण फहराकर कॉलोनी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बच्चों में हनुमान जी, श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता के गेटअप में तैयार होने की बड़ी उत्सुकता थी। शाम को बड़ी संख्या में बच्चे विभिन्न गेटअप में तैयार होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। टीम कौशल द्वारा सुन्दरकाण्ड व टीम भावना द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। क्षमा याचना, प्रार्थना के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर भावना साहू, मीरा, सत्यभामा, लल्ली, हेमलता साहू, लक्ष्मीसौन्दर्य, देव अंगन कंवल, कौशल, स्वाति गौर, दर्शना बाजपेयी, शांति बाघ, अंकिता ओझा, सोनी मेडम, कल्पना गुप्ता, राजेश खिलौसिया, शैलेश बाजपेयी, अनिल साहू, आनंद प्रसाद, मनोहर लाल, भूपेंद्र गौर, राकेश गुप्ता, प्रदीप शर्मा, विनम्र साहू, शाश्वत, रियो, छवि समेत अन्य उपस्थित थे।




लोकसभा चुनाव में वोट डालने युवाओं में रहा जोश।

### मतदान कर निकले मतदाताओं ने कहा- जिसने बेहतर काम किया, उसी की जय-जय है

# सांसद चुनने शहर से लेकर गांव तक दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी पसंद का सांसद चुनने सुबह सात बजे से बूथों पर मतदाताओं की कतार दिखने लगी थी। मतदाता झुंड में तो एक-दो की संख्या में भी पहुंच रहे थे। इस बीच प्रत्याशी के समर्थक उनके मन की इच्छा जानने की कोशिश करते तो वह मुस्कुराकर निकल जाते। यह नजारा शहर से लेकर गांव तक दिखा।

शहर की गलियों में भले ही भाजपा-कांग्रेस को लेकर अंकगणित चलता रहा लेकिन बूथों पर मतदाताओं की खामोशी सभी को बेचैन करती रही। कुरुद विधानसभा की सेमरा पंचायत खपरी में आबादी के पहले ही दुकान पर ग्रामीण खिलावन, नारद, चन्द्रशेखर, गजेंद्र, घनश्याम, मतदान को लेकर बातचीत कर रहे थे। अचानक हमें देख बात धान की फसल पर आ गई। जब बताया कि राजनीतिक दल से कोई वास्ता नहीं है तो चंद्रशेखर बोले हम कह रहे थे कि इस बार बाहर का वोटर कम आया है। यहां किसका रुझान है, पूछने पर गजेंद्र बोले दोनों ओर है। खिलावन बोले जो काम किया है, उसे वोट मिलेगा।



गांव से निकलकर भखारा व कुरुद के नगर बूथ के सामने एक महिला भूमिका कहती हैं कि यहां मोदी की गारंटी के आगे सब फेल हो जाएंगे। साथ चल रहे एक और ने टोका, भाभी चुप रहो। पास से जा रहे युवक यीशु व सोमप्रकाश रुक गए, बोले जिसने बेहतर काम किया उसी की जय-जय है। बगदेही की सात-आठ महिलाओं का झुंड वोट डालकर बाहर आता दिखा, रोकने पर रुक तो गईं लेकिन जैसे ही वोट किसको दिया, शब्द सुना तो बिना कुछ बोले चुपचाप आगे निकल गईं। ये हालात लगभग सभी बूथों पर नजर आए।



## अग्निवीर में चयनित युवा ट्रेनिंग के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग से अग्निवीर में चयनित होने वाले युवाओं की ट्रेनिंग अलग-अलग स्टेट में हो रही है। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के संचालक लोकेश साहू ने बताया कि युवा राहुल कुमार साहू, दिगेश्वर नेताम हैदराबाद में ट्रेनिंग के लिए रवाना होंगे। चंदन कुमार लखनऊ में ट्रेनिंग लेंगे। राजेंद्र कुमार बिहार रेजीमेंट में ट्रेनिंग के लिए जा रहे हैं। श्री साहू ने आगे बताया कि यहां आकर युवा अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग से कई युवाओं का अग्निवीर, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एयर फोर्स में चयन हुआ है। रुद्रा सेवा समिति अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व राहुल सोनकर, नेहरू युवा केंद्र के भूपेंद्र दास मानिकपुरी व कार्यक्रम अधिकारी नितिन शर्मा, आकाशगिरी गोस्वामी, शेषनारायण गजेन्द्र ने अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# दिव्यांग को व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र पहुंचाया



- राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक : रामू
- मां भारती के शान की रक्षा करने मतदाताओं में रहा उत्साह : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मतदान के लिए मतदाताओं में विशेष उत्साह आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों में भी देखने को मिला। इसी तरह का नजारा नयापारा वार्ड के बूथ क्रमांक 171 नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक शाला में देखने को मिला। दिव्यांग मतदाता दीपाली सोनी उम्र 22 वर्ष को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी उनके घर पहुंचकर मतदान करने अपनी सेवाएं ही प्रदान नहीं की बल्कि स्वयं व्हीलचेयर को अपने हाथ में लेकर मतदान केंद्र की निश्चित दूरी तक पहुंचाते हुए मतदान के लिए सहयोग प्रदान किया। पार्षद राजेंद्र शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, नरेंद्र जायसवाल, सुभाष चंद्राकर, वैभव साहू, घनश्याम चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, गोपाल साहू ने भी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि लंका विजय में रामसेतु निर्माण में जो भूमिका गिलहरी की थी वैसे ही राष्ट्र के निर्माण में मतदाताओं की होती है। प्रीतेश गांधी ने कहा कि आज राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति अपनी जवाबदेही समझते हुए मतदान करने पहुंचे। मतदाताओं में काफी उत्साह रहा जिससे कहा जा सकता है कि 400 पार अब तय है। कोई भी ताकत उसे नहीं रोक सकती।

# मतदान केंद्र में लगाई गई यातायात प्रदर्शनी

- यातायात नियमों की दी जानकारी, बच्चों के लिए कैरम, लूडो की व्यवस्था, स्वास्थ्य जांच भी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

यातायात नियमों के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने ट्रेफिक पुलिस द्वारा गोकुलपुर मतदान केंद्र में यातायात प्रदर्शनी लगाई गई।

लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस पर शुक्रवार को एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में यातायात डीएसपी एमएस चंद्रा एवं यातायात स्टाफ द्वारा मतदान करने आने वाले मतदाताओं को ट्रेफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आदर्श मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उमावि गोकुलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 114 में प्रदर्शनी लगाई गई। मतदाताओं को यातायात के संकेतों, उपकरणों की सहायता से जानकारी दी गई। इसके साथ पाम्पलेट देकर दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन सवारी नहीं चलाने, सीट बेल्ट लगाकर ही चारपहिया वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, नाबालिगों को वाहन नहीं देने, बिना ड्राइविंग लायसेंस के वाहन नहीं चलाने की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन स्वयं करने के साथ साथ रिश्तेदार, परिजन, दोस्तों व पड़ोसियों को भी नियमों का पालन कराने प्रोत्साहित किया गया। मतदान केंद्र में लगी यातायात प्रदर्शनी में प्रआ पेमन साहू, आरक्षक कीर्तन भारती व यातायात मितान जोहतराम नेताम मौजूद थे।






### बच्चों ने खेला लूडो, कैरम

बच्चों के लिए आदर्शन मतदान केन्द्र गोकुलपुर में कूलर की ठंडी हवा के साथ कैरम, लूडो, सांप सीढ़ी खेल की व्यवस्था महिला एवं बाल कल्याण विभाग के द्वारा की गई थी। साथ ही निगम प्रशासन की ओर से मीठे शरबत की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शुगर एवं बीपी जांच की व्यवस्था की गई थी।

संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल, सम्बलपुर, धमतरी (छ.ग.)
पोस्ट-सम्बलपुर, जिला-धमतरी (छ.ग.) 493773 मो.नं. 6263197955
// आवश्यकता है //

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ड्रायवर | 02 | 8वीं / 10वीं | 7000 से 10,000 |


## एनएसएस, स्काउट गाइड के छात्रों ने निभाई मतदान मित्र की भूमिका




**धमतरी।** छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण का चुनाव 26 अप्रैल को हुआ। इस चुनाव में जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान मित्र के रूप में एनएसएस, स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि मतदान के समय किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक निरंजन कुमार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक दो आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदान मित्र के रूप में अपनी सेवा प्रदान की। मतदान मित्रों ने प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मतदाताओं विशेषकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता की। मतदाताओं को मतदान केंद्र कक्ष तक पहुंचाने के साथ लोगों को घर जाकर उन्हें मतदान केंद्र तक लाने का कार्य किया गया। स्वयंसेवकों अनीता मेश्राम, मेनका, अपर्णा शर्मा, खोमेश्वरी, कुशल डिंडोलकर ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मतदान मित्र के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।

# एसपी ने पोलिंग बूथों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- आदर्श मतदान केंद्र में किया मतदान, सेल्फी जोन में अपनी फोटो भी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एसपी ने मतदान के दौरान जिले के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अपना मतदान आदर्श मतदान केंद्र में जाकर दिया।



लोकतंत्र के महापर्व में चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को मतदान हुआ। इस दौरान एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने जिले में हो रहे मतदान के पोलिंग बूथों का भ्रमण कर केंद्रों में लगे पुलिस बलों का निरीक्षण किया। बूथों में शांति एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने आदर्श मतदान केंद्र के पोलिंग बूथ रूद्री में जाकर मतदान किया। केंद्र में बनाये गए सेल्फी जोन में अपनी फोटो भी ली। एसपी ने जनता को भयमुक्त होकर मतदान करने का अहसास दिलाया। इसके साथ ही उन्होंने निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान एसपी ने सिटी कोतवाली, कुरूद एवं नगरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव डयूटी में तैनात पुलिस व अर्द्धसैनिक बल को शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया।



### नवकार महिला मंडल ने की गौ सेवा

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने आशा देवी गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा-अर्चना की। गायों को साग सब्जी, दाना, चारा, लड्डू, गुड़ रोटी खिलाई। अंगारमोती मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को मठा का वितरण किया। मंडल ने पिकनिक का मजा लिया। सभी अपने घर से व्यंजन बनाकर लाये थे। एक दूसरे को खिलाकर गेम का आनंद लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलचा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, संजू जैन, अंजलि जैन, सरला भुरा, कंचन चोपड़ा, शकुन पिंचा, सुमन राखेचा, रीता छाजेड़ समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थी।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली।
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वात रोग, हाथ पैर में दर्द होना, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस, दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी. रोग, केश रोग, नेत्र रोग व दांत रोग का इलाज होता है।

### नए मतदाताओं में रहा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित थे।

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
बठेना हॉस्पिटल के सामने, गोयल ऑटोमोबाईल के पीछे, धमतरी